तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार, 19 दिसंबर 2023

8 अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना सरकार का लक्ष्य

8 नागक्षेत्र सरोवर पर धूमधाम से मनाया गीता महोत्सव


पूर्णतया स्वचालित रोबोटिक पद्धति द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण
न्यूनतम चीरा
तेजी से रिकवरी
बेहतर सफलता दर
कम दवा का सेवन
उच्च सटीकता
डॉ प्रसून कामरा
MBBS, MS Orthopaedics
M.Ch. (USAIM)
हड्डी रोग विशेषज्ञ
सबसे अधिक जोड़ प्रत्यारोपण का अनुभव
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत PM-JAY
TPA, INSURANCE
कार्ड धारकों के लिए कैशलैस सुविधा।
सर्वेश हेल्थ सिटी में आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए
हृदय रोगियों में छल्ले डालना (स्टेंट), बाईपास सर्जरी व जोड़ प्रत्यारोपण और किडनी रोगियों के लिए डायलिसिस की कैशलैस सुविधा उपलब्ध
हृदय रोग विशेषज्ञों की अनुभवी टीम
डॉ अभिषेक गुप्ता
MBBS, MD, DM (Cardiology)
हृदय रोग विशेषज्ञ
3000 से अधिक (Procedures)
डॉ कपिल मिनोचा
MBBS, MS, MCH (CTVS)
कार्डियोथोरेसिक व वैसकुलर सर्जन
2000 से अधिक सफल ऑप्रेशन का अनुभव
डॉ दीपशिखा मेनन
MD, FNB,
(Cardiac Anaesthesia) FIACTA
कार्डियक एनेस्थिसिया विशेषज्ञा
सर्वेश हेल्थ सिटी
कारुण्येन सह विरोपय
सर्वेश हेल्थ सिटी, सेक्टर-14,
सिविल अस्पताल के सामने, हिसार-125001
हेल्पलाइन नंबर: 6901 62 62 62
एमरजेंसी : 6901 63 63 63

## खबर संक्षेप

### हज यात्रा के लिए 20 तक करें आवेदन

जींद। अखिल भारतीय हज कमेटी ने वर्ष 2024 के दौरान प्रदेश से हज जाने के इच्छुक पंजीकरण के लिए राज्य हज कमेटी के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक हज यात्री 20 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारतीय हज कमेटी मुंबई ने वर्ष-2024 में हज यात्रा करने के लिए नए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

### मारपीट के आरोप में चार के खिलाफ मामला दर्ज

कैथल। पूंडरी पुलिस ने गांव फतेहपुर में एक परिवार के सदस्यों से मारपीट करने और घर में तोडफोड़ करने के आरोप में चार व्यक्तियों को नामजद किया हे7 निवासी सीमा रानी ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि उसका पति विदेश गया हुआ है। 14 दिसंबर को रात करीब 11 बजे वह अपने बच्चे व चाची के साथ घर पर सोई हुई थी।

### 12 गांवों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा आज

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार को जिला के छह खंड जींद, जुलाना, नरवाना और सफीदों व उचाना में पहुंचेगी और विभिन्न 12 ग्राम पंचायतों को कवर करेगी। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी दी। बताया कि कार्यक्रम के दौरान मौके पर ही विभिन्न योजनाओं व सेवाओं की स्टॉल लगाकर पात्र व वंचितों को लाभान्वित किया जाएगा।

### बाइक चोरी मामले में आरोपित दबोचा

कैथल। बाइक चोरी के एक मामले की जांच दौरान थाना पुंडरी पुलिस के एचसी डिम्पी की टीम ने आरोपी जिला करनाल के निसिंग निवासी बलिहार सिंह को काबू कर लिया । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रोहटी जिला कुरुक्षेत्र निवासी कुलवन्त सिंह की शिकायत अनुसार 14 दिसंबर को उसकी बाइक को सगन पैलेस सिरसल के पास से अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया था।

### युवती लापता, अपहरण का मुकदमा दर्ज

जींद। जुलाना से युवती के गायब होने पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। परिजनों का आरोप है कि युवती घर से नगदी तथा जेवरात भी अपने साथ ले गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक कल

कैथल। नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने बताया कि 20 दिसंबर को सुबह 11:30 बजे लघु सचिवालय के वीडियो कांफ्रैंस हॉल में जिला के चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में लंबित फार्मों, डीएसई, पीएसई का निपटारा तथा मतदाता पहचान पत्रों के वितरण संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन होगा।

### स्कूल से सामान चोरी, मामला दर्ज

जुलाना। जुलाना कस्बे के शिवम स्कूल से सामान चोरी हो गया। शिकायत पुलिस को दी । पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। वार्ड एक निवासी नरेंद्र ने शिकायत में बताया कि उनके स्कूल से चोर ताला तोड़ कर एक कैमरा, डीवीआर, वाईफाई, चर तार के बंडल, एक घड़ी, एक कंप्यूटर को चोरी कर लिया।

### नगर परिषद अधिकारियों ने आधा दर्जन दुकानों पर की छापेमारी

# पालीथिन मिलने और खुले में कचरा डालने पर 40 हजार रुपये का जुर्माना

## शहर में दिखने लगा नगर परिषद की सख्ती का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रतिबंध के बावजूद शहर में पालीथिन बेचने वालों पर नगर परिषद ने सोमवार को छापेमारी की। इस दौरान एक दुकान से भारी मात्रा में पालीथिन, डिस्पोजल बरामद हुए। दूसरे दुकानदार का नगर परिषद ने पालीथिन मिलने और खुले में कचरा डालने पर चालान काटा है। इसके साथ ही आधा दर्जन स्थानों पर दबिश दी गई और नगर परिषद के अधिकारियों ने 40 हजार रुपये का जुर्माना दुकानदारों पर किया। अभियान का नेतृत्व खुद डीएमसी सुरेंद्र बैनीवाल ने किया। नगर परिषद द्वारा शहर में पालीथिन बिक्री पर रोक लगाई गई है। लेकिन भारी संख्या में शहर में पालीथिन बिक रहा है। पालीथिन को लेकर नगर परिषद के अधिकारियों ने रविवार शाम को ही रैकी कर ली थी। अधिकारी खुद ग्राहक बनकर दुकानों पर पहुंचे थे और वहां पर मौजूद माल के बारे में जानकारी हासिल की थी। रात को ही रैकी के दौरान खुले में कूड़ा डालने की फोटो कर ली थी। सोमवार को डीएमसी सुरेंद्र बैनीवाल के नेतृत्व में नगर परिषद के अधिकारी फील्ड में उतरे और रैकी वाली जगहों पर दस्तक दी। इस दौरान घंटा घर चौक के पास एक दुकान से भारी मात्रा में पालीथिन जब्त की गई। अधिकारियों के अनुसार यहां से पालीथिन के चार कट्टे बरामद हुए हैं। एक कट्टे में 30 किलोग्राम पालीथिन मिली है। इसके अलावा लगभग 10 पेटी डिस्पोजल मिले हैं। नगर परिषद के अधिकारियों ने इस दुकानदार पर 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कार्रवाई के दौरान डीएमसी के अलावा सचिव सुरेंद्र दांगी, सीएसआई अनिल नैन मौजूद रहे। इस समय शहर में हालात यह है कि जींद शहर में एकाध दुकानदार ही ऐसा हैए जो कपड़े से बने बैग का प्रयोग करता है, अन्यथा अधिकतर दुकानों पर पोलीथिन का प्रयोग होता है। इसके अलावा हर रेहड़ी और करियाणे की दुकान पर पालीथिन का प्रयोग आम बात है। नगर परिषद द्वारा कई साल पहले जींद शहर में पोलीथिन पर प्रतिबंध लगाया गया थाए लेकिन अब फिर पोलीथिन का धड़ल्ले से प्रयोग हो रहा है। नगर परिषद ने सोमवार सायं को डीएमसी सुरेंद्र बैनीवाल के नेतृत्व में रेलवे रोड के एक पेड़ा भंडार पर रेड की। यहां पर टीम ने पालीथिन मिलने पर दुकानदार को 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसके अलावा रविवार शाम को रैकी के दौरान दुकानदार की खुले में कचरा डालते पिक्चर ली थी। इस पर दुकानदार को पांच हजार का जुर्माना लगाया गया। दुकानदार पर कुल 15 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है।




जींद। अभियान चलाए नगर परिषद अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### जागरूकता से ही सफलता संभव

सीएसआई अनिल नैन ने कहा कि नप अपने स्तर पर खूब प्रयास कर रही है। सोमवार को पालीथिन बेचने वालों के चालान काटे गए हैं और पालीथिन को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। लोगों को भी पालीथिन के नुकसानों के बारे में समझाया जा रहा है। वेट के हिसाब से पालीथिन बेचने वालों पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि लोगों की जागरूकता ही पालीथिन मुक्त अभियान को सफल बना सकती है।

### लोगों का सहयोग बहुत जरूरी

डीएमसी सुरेंद्र बैनीवाल ने कहा कि जींद शहर को पालीथिन मुक्त तभी बनाया जा सकता है, जब लोग पूरा सहयोग करें। लोगों को समझना होगा कि पालीथिन मानव शरीर के लिए कितना हानिकारक है। जहां पर पालीथिन होता है वहां पर धरती पर इसका बुरा प्रभाव होता है। पालीथिन को जलाकर भी नष्ट नहीं किया जा सकता। पालीथिन में सामान लाने के बाद कुछ सामान पालीथिन से चिपका रह जाता है जिसको लोग फैंक देते हैं। आवारा पशु इस प्रकार के पालीथिन को खा जाते हैं और बीमार हो जाते हैं।

## सावधान : खुले में कूड़ा डालने पर लगेगा पांच हजार रुपये का जुर्माना

### शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नपा सख्त

- पकड़े जाने के बाद कोर्ट में भी व्यक्ति के खिलाफ डालेंगे केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

नगर पालिका सफीदों के अधिकारी अब शहर को स्वच्छ बनाने को लेकर सख्त नजर आ रहे है। नपा अधिकारियों ने खुले में कूड़ा डालने वाले लोगों पर कार्रवाई करने का मन बना लिया है। ऐसे में खुले में कूड़ा डालने वाले लोग सावधान हो जाए, अगर खुले में कूड़ा डालते हुए कोई व्यक्ति पकड़ा गया तो उसको नपा की ओर से पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा और उस व्यक्ति के खिलाफ कोर्ट में केस दायर किया जाएगा। कोर्ट केस के पैसे भी पकड़े गए व्यक्ति को अपने पास से ही भरने होंगे।

सरकार के स्वच्छ भारत अभियान चलाए जाने व एनजीटी द्वारा खुले में कूड़े को डालने व जलाने पर जुर्माना लगाने के आदेश दिए जाने के बाद भी शहर के लोग बाज नहीं आ रहे हैं। लोगों के साथ दुकानदार कहीं पर भी कूड़ा डाल देते है। जिससे शहर में गंदगी फैलती है और मच्छरों के पनपने से अनेकों बीमारियां उत्पन्न हो रही है। नपा द्वारा दिन व रात के समय सफाई अभियान चलाने के बाद रिक्शा व टैंपों से कूड़े का घर-घर से उठान किया जा रहा है लेकिन लोग कहीं पर भी कूड़े को डाल रहे हैं। नपा अधिकारियों ने शहर में ऐसे दर्जनों खाली प्लाटों सहित शहर में अनेकों प्वाइंट निर्धारित कर बैनर लगवा दिए है और उसमें लोगों व दुकानदारों को खुले में कूड़ा न डालने के प्रति जागरूक किया गया है। अगर उसके बाद भी कोई व्यक्ति कूड़ा डालते हुए पकड़ा जाता है तो उस पर पांच हजार रुपये का जुर्माना व कोर्ट में केस डालने की चेतावनी दी गई है।



नपा द्वारा शहर में लगाए गए कूड़ा न डालने की चेतावनी को लेकर बैनर।

### शहर को स्वच्छ बनाने के लिए खुले में कचरा न फैंके : रविंद्र सिंह

सफीदों नगर पालिका सचिव रविंद्र सिंह ने बताया कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए नपा ने लोगों को पहले खुले में कूड़ा न डालने के लिए चेतावनी के रूप में अनेकों प्वाइंटों पर बैनर लगवाए है। अगर उसके बाद कोई व्यक्ति कूड़ा डालता है और वह मौके पर पकड़ा जाता है तो उसको 5 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। इतना ही नहीं उस व्यक्ति के खिलाफ कोर्ट में केस दायर किया जाएगा। जिसका पूरा खर्च उसी व्यक्ति को उठाना होगा। लोग नपा का सहयोग करें और शहर को स्वच्छ बनाए।

# बीडीपीओ कार्यालय पर धरना

- 15 वर्ष पहले काटे गए 100 गज के प्लाट पर आजतक हक नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कॉमरेड विनोद मिश्रा के 25वें स्मृति दिवस पर भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (माले) पिल्लूखेड़ा के आह्वान पर स्थानीय मांगों को लेकर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय पिल्लूखेड़ा पर सांकेतिक धरना दिया गया। धरने की अध्यक्षता विनोद धडौली ने की। धरने को संबोधित करते राज्य इंचार्ज प्रेम सिंह गहलावत ने कहा कि आज आम आदमी महंगाई के कारण जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है। गरीब आदमी के लिए संविधान के द्वारा दिए गए अधिकारों को भाजपा सरकार खत्म कर रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पात्र गरीब लोगों के आवास आज तक नहीं बनवाए गए हैं, जिनको 10 वर्ष तक का समय निकल गया है। 15 वर्ष पहले काटे गए 100 गज के प्लाट पर आजतक मालिकाना हक नहीं दिया गया है। सरकारी अस्पतालों में गरीब लोगों के इलाज की व्यवस्था नहीं है। अध्यक्षता कर रहे विनोद धड़ौली ने कहा कि गांव ढाठरथ में मनरेगा मजदूरों को बीडीओ कार्यालय पिल्लूखेड़ा द्वारा काम ही नहीं दिया जा रहा। गांव में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अलेवा स्थांतरण कर दिया, स्थांतरण होने की वजह से ग्रामीणों में भारी रोष है, गरीब लोगों की बस्तियों में आजतक पीने के पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी है। कुल मिला कर भाजपा सरकार गरीब लोगों को जीवन जीने के अधिकार से वंचित कर रही हैं। बाद में मांगों से संबंधित ज्ञापन नायब तहसीलदार लोकेश कुमार को सौंपा गया। इस मौके पर प्रेम सिंह सिंहमार, अजयवीर सिंधु, राजा, धोली, रानी, पालाराम आदि मौजूद रहे।



जींद। जनसमस्याओं और मांगों को लेकर धरना देते पार्टी कार्यकर्ता।

### कर्मचारी व जनविरोधी नीतियों को वापस ले सरकार : शिवचरण

कैथल। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की राज्य कमेटी के आह्वान पर हरियाणा विधानसभा सत्र के अवसर पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कर्मचारी असेंबली आयोजित करने की कड़ी में लघु सचिवालय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला प्रधान शिवचरण ने व संचालन जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ने किया। असेंबली का विधिवत उदघाटन सीटू के जिला कैशियर जयप्रकाश शास्त्री ने किया। सत्र के दौरान किसान सभा के जिला सचिव सतपाल आनंद ने सदन नेता की भूमिका अदा की। सदन में कर्मचारियों व जनता से जुड़े मुद्दों से संबंधित 4 प्रस्ताव पेश किए गए। इसमें सहयोगी संगठनों सीटू, किसान सभा, ज्ञान विज्ञान समिति, जनवादी महिला समिति व रिटायर्ड कर्मचारी संघ ने भी भागीदारी की।

जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ने बताया कि वेतन आयोग व वेतन विसंगतियों के निपटान का प्रस्ताव ब्लॉक प्रधान शिवदत्त शर्मा ने सदन में पेश किया।

# सब्जी मंडी आढ़ती कल हड़ताल पर रहेंगे

- नए जारी नोटिफिकेशन को बताया तुगलकी फरमान, वापस लेने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

सब्जी मंडी एसोसिएशन पूंडरी ने मार्केट कमेटी के सचिव के नाम मांग-पत्र मंडी सुपरवाइजर विरेंद्र सिंह को सौंपा। सौंपे गए मांग-पत्र के माध्यम से उन्होंने नए नोटिफिकेशन को लेकर विरोध जताया। एसोसिएशन के प्रधान धर्मबीर सैनी व हरिचन्द सैनी ने बताया कि सरकार द्वारा सब्जी मंडी के आढ़तियों से एक मुश्त किश्त और मार्केट कमेटी फीस में 40 प्रतिशत बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि उनकी मांग की है जो फीस मार्केट कमेटी द्वारा पहले ली जा रही थी, वही ली जाए और किसी भी प्रकार की बढ़ोतरी नही की जाए। सैनी ने कहा कि जो नोटिफिकेशन जारी हुआ है, वह किसी भी सब्जी मंडी के आढ़ती के हित में नहीं है। उन्होंने सचिव के माध्यम से हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड, पंचकूला तक ज्ञापन व मांग-पत्र पहुंचाने की मांग की और सभी आढ़तियों को राहत देने की मांग की।

आढ़तियों ने चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि यदि सरकार ने इस तुगलकी फरमान को वापस नहीं लिया तो 20 दिसम्बर को प्रदेश भर की सभी सब्जी मंडियों के आढ़ती हड़ताल पर रहेंगे और किसी भी सब्जी मंडी में न तो खरीददारी होगी और ना ही बिक्री होगी, जिसकी जिम्मेवार सरकार होगी। इस मौके पर सचिव गगनदीप गर्ग, केशियर राजीव गोयल, सलाहकार सुभाष गोयल व जगदीश सैनी, बिट्टू शाह, रहीश अंसारी, पंजाब कुमार डीग सहित सब्जी मंडी के सभी आढ़ती उपस्थित रहे।



पूंडरी। मंडी सुपरवाइजर विरेंद्र सिंह को मांग पत्र सौंपते सब्जी मंडी आढ़ती।

### हरियाणा बाल संरक्षण अधिकार आयोग सदस्य ने विद्यालय का किया दौरा

# कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ शपथ दिलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

हरियाणा बाल संरक्षण अधिकार आयोग की सदस्य मीनू शर्मा ने सोमवार को गांव किठाना में स्वामी सीताराम कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का दौरा किया। मीना शर्मा ने अपने कमीशन के एक ओर सदस्य मांगे राम के साथ साथए डाइट प्रिंसिपल, जिला बाल अधिकारी, बाल कल्याण समिति सीडब्ल्यूसी कैथल जिला प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस उप अधीक्षक सहित स्कूल की सभी गतिविधियों की जांच करते हुए स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को समाज में फैल रही कुरीतियों एवं नशाखोरी, बाल विवाह, बाल मजदूरी विषयों पर बच्चों को जागृत किया। इस दौरान स्कूल की सभी व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। मीना शर्मा ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण एवम बाल संरक्षण एवं सुरक्षा, महिलाओं के अधिकार एवं सुरक्षा बारे सभी स्कूली विद्यार्थियों ग्रामीणों को अवगत करवाया। इस दौरान स्कूल स्टाफ छात्राओं और किठाना के प्रबुद्ध लोगो को मीना शर्मा ने भ्रूण हत्या के खिलाफ शपथ भी दिलाई। इस दौरान स्कूल प्रिंसिपल पवन कुमार ने बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ संदेश देते हुए सभी अधिकारियों का विद्यालय में पहुंचने पर स्वागत किया। इस दौरान सभी स्कूल स्टाफ व आश्रम प्रबंधक समिति पदाधिकारी भी मौजूद रहे।



राजौंद। हरियाणा बाल संरक्षण आयोग की सदस्या भ्रूण हत्या के खिलाफ शपथ दिलाते हुए।



सफीदों। स्कूल का निरीक्षण करने के लिए पहुंची जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजयलक्ष्मी नांदल। फोटो :हरिभूमि

### जिला शिक्षा अधिकारी ने किया स्कूल का निरीक्षण

सफीदों। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सफीदों का जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजयलक्ष्मी नांदल ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने कक्षा कक्ष, लैब, मिड डे मील और मैथ साइंस पार्क को चैक किया गया। उन्होंने स्कूल की व्यवस्थाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी सुविधाएं जिला जींद के शायद ही किसी स्कूल में उपलब्ध हों। यह स्कूल सभी सरकारी स्कूलों के लिए मिसाल पेश कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### फ्री माता बनभौरी धाम की यात्रा संपन्न

**नरवाना।** अग्रवाल जन जागरण मंच के तत्वाधान में चल रही नरवाना से माता बनभौरी धाम 22वीं फ्री बस यात्रा बहुत ही खुशी के माहौल में संपन्न हुई। समिति के प्रधान रोहतास सिंगला और वरिष्ठ सदस्य कैलाश सिंगला समाजसेवी ने बताया कि यह निशुल्क मासिक यात्रा हर महीने की अमावस्या के बाद पहले रविवार को नरवाना के त्रिवेणी चौक हुड्डा मार्केट से सुबह 6 बजे चलाई जाती है।

### कमेटी के चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार

**जींद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधन कमेटी के चुनाव के लिए मतदाता सूची तैयार की गई है और इसको जिला की वैबसाईट पर प्रकाशित किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त कोई भी केशधारी सिख जो योग्यता पूरी करता हैं और उसने नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं करवाया है वह तीन जनवरी तक नाम दर्ज करवा सकता है।

### हजारों की कीमत का सामान चोरी

**जींद।** जिले में बीती रात चोरों ने तीन स्थानों पर ताले तोड़ कर पोल्ट्री उपकरण, कृषि उपकरणों समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बोहतवाला कपिल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीत रात चोरों ने उसके पोल्ट्री फार्म का ताला तोड़ कर इन्वर्टर बैटरी, बिजली मोटर समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### भवन निर्माण मजदूर का विरोध प्रदर्शन 26 को

**जींद।** भवन निर्माण काम से जुड़े तमाम मिस्त्री मजदूर 26 दिसंबर को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। भवन निर्माण कामगार यूनियन जिला कमेटी की बैठक यूनियन के कार्यालय मजदूर भवन में कश्मीर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार श्रम कानून को तोड़ कर मालिकों के पक्ष में कानून बना रही है। आए दिन मारी गई दिहाड़ी व मारपीट के मामले रोजाना बढ़ रहे हैं।

### मातृशक्ति उद्यमिता योजना कारगर : डीसी

**जींद।** प्रदेश सरकार महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना सहित अन्य विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है।

### भारत विकास परिषद ने जरूरतमंदों को बांटे वस्त्र

**नरवाना।** केशव शाखा भारत विकास परिषद द्वारा सोमवार को ईंट भट्ठा उझाना पर कार्यरत जरूरत मंद लेबर में महिलाओं को साड़ियां, सूट, पुरूषों को कपड़े, कंबल व मिठाइयां वितरित की गई। प्रेस प्रवक्ता नत्थू राम गोयल ने बताया कि मजदूरो ने उपरोक्त आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर प्रसन्नता जाहिर की। भट्ठे के मालिक सत्ता ने इस पुण्य कार्य के लिए परिषद का आभार व्यक्त किया।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा झांझ, बड़ौदी पहुंची

**जींद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को जींद खंड के झांझ, बड़ौदी गांव, पिल्लूखेड़ा ब्लॉक के कलावती, जुलाना खंड के करेला, झमौला, उचाना खंड के उदयपुर, दुर्जनपुर, सफीदों खंड के सिंहपुरा, बहादुरपुर, नरवाना के सिंसर, सिंगवाल, उझाना खंड के पीपलथा, रेवर गांव में पहुंची। इस दौरान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### निबंध प्रतियोगिता का किया आयोजन

**अलेवा।** राजकीय उच्च विद्यालय थुआ में जेजेएम के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा चित्रकारी और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने बढ चढकर भाग लिया। सभी बच्चों ने जल संरक्षण थीम पर अच्छी-अच्छी पेंटिग बनाई।

---

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड ने किया आयोजन

# ऐतिहासिक नागक्षेत्र सरोवर पर धूमधाम से मनाया गीता महोत्सव

**गायिका सुनीता दुआ सहगल ने अपने सुंदर भजनों का किया गुणगान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा 48 कोस की परिधि में आने वाले नागक्षेत्र सरोवर पर गीता महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अंबाला के बराड़ा से पहुंची गायिका सुनीता दुआ सहगल ने बहुत ही सुंदर भजन प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विजयपाल सिंह एडवोकेट, समाजसेवी रामेश्वर गुप्ता, साधुराम बंधु व वरिष्ठ अधिवक्ता ब्रजेश्वर अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सफीदों के नागक्षेत्र सरोवर का अपना एक महत्व है। जो कुरुक्षेत्र की पावन भूमि के 48 कोस की परिधि में आता है। गीता महोत्सव का इस स्थान पे मनाया जाना अपने आपमें अदभुत है। गायिका सुनीता दुआ सहगल ने भी सफीदों के इस पावन स्थान में भजन गाने के अहसास को आलौकिक बताया और भविष्य में भी सफीदों आने की कामना की।



जींद। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथियों का पटका डालकर स्वागत करते सफीदों के गणमान्य नागरिक।



जींद। सफीदों के नागक्षेत्र पर सरोवर पर गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में भजनों की प्रस्तुति देती गायिकाएं।

**ये रहे मौजूद**

रामेश्वर दास गुप्ता ने बताया की नागक्षेत्र मंदिर के प्रताप से ही सफीदों को पहले सर्पदमन के नाम से जाना जाता था। सर्पों के दमन हेतु इस मंदिर में अनुष्ठान किया गया। इसी कारण इस स्थान को सर्पदमन कहा गया। विजयपाल एडवोकेट ने बताया की पूर्व की सरकारों ने गीता जयंती को मात्र उपचारिकताओं तक ही रखा, जब से देश व प्रदेश में भाजपा सरकार आई है तब से गीता जयंती अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाई जाने लगी है। भाजपा के मंडल अध्यक्ष हरीश शर्मा ने बताया कि हरियाणा में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्ग दर्शन में गीता जयंती को भव्यरूप देने में सफल रही है। इसके लिए मदन मोहन छाबड़ा व केडीपी के सचिव उपेंद्र की विशेष भूमिका एवं अथक प्रयास रहे हैं। कार्यक्रम में रवि थनई, प्रमोद कौशिक, मंदिर के पुजारी यतीन शर्मा, सरोज भाटिया, रमेश शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, प्रमोद गौतम, संजीव गौतम, पुरुषोत्तम शर्मा, कपिल शर्मा, सत्यदेव चोबे, डॉ. सुभाष थरेजा, अरविंद शर्मा, संजीव शर्मा, सुभाष शर्मा, ईश्वर बुआनीवाल, सतबीर लडवाल, नरेश थनई आदि मौजूद रहे।


जींद। प्रदर्शनी में मॉडल प्रस्तुत करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

## मॉडल संस्कृति स्कूल में गणित प्रदर्शनी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

नगर की राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय स्तरीय गणित एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं गणित की विभिन्न थीम पर अपने वर्किंग मॉडल प्रदर्शित किया। गणित में संभावना मॉडल, विज्ञान में ऑटोमेटिक जेबरा क्रॉसिंग मॉडल, ग्लोबल वामिंर्ग पर मॉडल, प्रदूषण मापी मॉडल, सोलर सिंचाई पर मॉडल बच्चों ने प्रस्तुत किए। प्राचार्य डा. योगेंद्र पाल सिंह ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडलों की प्रशंसा की। आशु, नीतीश, संदीप, प्रत्यक्ष, अंशु काम्या, समीर को प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। मौके पर राजेश कुमार, अजीत पाल व पवन कुमार विशेष रूप से मौजूद थे।

## नंदीशाला में चारा-अन्य व्यवस्थाओं के लिए सहयोग करने का आह्वान

**सफीदों।** नगर के जींद रोड स्थित नंदी गौसेवा धाम एसडीएम मनीष फौगाट ने निरीक्षण किया। नंदी गौसेवा धाम में पहुंचने पर एसडीएम का अभिनंदन किया गया। नंदीशाला संचालक एवं नगर पार्षद दीपक चौहान ने एसडीएम को नंदीशाला की व्यवस्थाओं के बारे में अवगत करवाया। दीपक चौहान ने कहा कि आर्थिक कमजोरी होने के बावजूद भी नंदीशाला में बहुत सुधार कार्य किए गए हैं। नंदीशाला की आर्थिक स्थिति कमजोर कारण यहां पर कोई आय का साधन नहीं होना है। जिस पर एसडीएम मनीष फोगाट ने कहा कि सरकार व प्रशासन सदैव नंदीशाला के सहयोग के लिए खड़ा है और यहां पर किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी। एसडीएम ने क्षेत्रवासियों से आह्वान किया कि वे नंदीशाला में पशु चारे व अन्य व्यवस्थाओं के लिए भरपूर सहयोग करें। इस मौके पर गौशाला भाईचारा एसोसिएशन के रामभज राठी, राजू राठी, रविंद्र लाम्बा, सोमपाल, दिलबाग सिंह, प्रेम ने मिलकर नंदीशाला में निर्माण कार्य हेतु एक लाख ग्यारह हजार की नगद राशि सहयोग किया। इस मौके पर अरविंद शर्मा, गौरव शर्मा, जतिन जैन, सतीश गर्ग, संदीप प्रजापत, अमर, सुरेंद्र शर्मा व सत्यनारायण गर्ग विशेष रूप से मौजूद थे।

## प्रोटिन युक्त आहार लेने का आह्वान

- एएनसी शिविर में महिलाओं को किया जागरूक, स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नगूरां में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एएनसी चेकअप शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा व एएनएम राजबाला ने संयुक्त रूप से की। स्वास्थ्य विभाग ने गर्भवती महिलाओं की जांच की। जिसमें बीपी, शुगर, एचआईवी, वजन, खून आदि की जांच की गई। गर्भवती महिलाओं को संबोधित करते स्वास्थ्य निरीक्षक ने नरेंद्र ढांडा ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को चाहिए कि खून की मात्रा बढाने के लिए हरी सब्जियां, पालक, बथुआ, मैथी, गहरे पीले फल, चुकंदर, वीटामिन सी युक्त फल के अलावा प्रोटिन युक्त आहार जैसे सोयाबीन, दाल, दूध, अंडा आदि का सेवन करना चाहिए।

गर्भवती महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमो के बारे में बताया गया इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को सरकारी संस्था में रूटीन चैकअप, टीकाकरण तथाा डिलीवरी करवाने के लिए प्रेरित किया गया। टीम द्वारा कम रक्त वाली महिलाओं को पास के सरकारी हस्पताल में आयरन सक्रोज के टीके लगवाने के लिए सलाह दी गई। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को सही समय पर चैकअप करवाने से हाइ रिस्क प्रेग्नेसी का पता चल जाता है।


नगूरां पीएचसी में गर्भवती महिलाओं की जांच करती एएनएम राजबाला।

### बंदर दौड़ प्रतियोगिता में यश ने मारी बाजी

**जींद।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बीबीपुर में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी वंदना गुप्ता ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व एक्साइज एंड टैक्सेशन अधिकारी प्रेमलता दलाल और एडवोकेट शालू शर्मा ने की। प्रतियोगिता का महत्व पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ने बच्चों के सवांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। पहली और दूसरी कक्षा में बंदर दौड़ में यश प्रथम, दीपांशु द्वितीय, दीक्षा तृतीय रहे। तीसरी और चौथी कक्षा में रिले दौड़ में भिमांशी और तमन्ना प्रथम, रूबी व मानवी द्वितीय, आरती व यशिका तृतीय रहे। पांचवीं और छठी कक्षा के मुकाबले में बाधा दौड़ में इंदू प्रथम, वंशिका द्वितीय, संगम तृतीय बोरी दौड़ में संजू प्रथम, लता द्वितीय, संगम तृतीय, सातवीं और आठवीं कक्षा में रस्सी कूद में साक्षी प्रथम, गीता द्वितीय, रितु तृतीय रहे। गोला फैंक में साक्षी प्रथम, रीतिका द्वितीय व शीतल और अंजलि तृतीय रही। समारोह के मुख्यातिथि पीडबल्यूडी बीएंडआर के जेई कपिल पंवार ने विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए।

## नशे के खिलाफ किया जागरूक

- करसिंधू राजकीय स्कूल में नशा व साइबर क्राइम पर संगोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

गांव करसिंधू के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को गुरु नानक संघ सेवा समिति द्वारा साइबर क्राइम व नशा एक अभिषाप कार्यक्रम के तहत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या सुनीता वर्मा ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सफीदों सदर थाना के प्रभारी बलजीत सिंह पहुंचे। वशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी देवेंद्र सहरावत, बीएसएम स्कूल के चेयरमैन अरुण खर्ब एवं पूर्व प्राचार्य डा. नरेश वर्मा ने शिरकत की। सदर थाना प्रभारी बलजीत सिंह ने बच्चों को साइबर क्राइम से बचने के उपाय बताए और साथ ही उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया। वहीं उन्होंने सभी बच्चों को शपथ दिलाई कि वह शराब व अन्य नशीली पदार्थ का सेवन करने वालों के खिलाफ उन्हें शिकायत देंगे और साथ ही अपने अभिभावकों को भी नशा का सेवन नहीं करने देंगे। उन्होंने नशा मुक्ति अभियान के तहत पुलिस का सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा सोशल मीडिया के फायदे व नुकसान के बारे में नाटक के माध्यम से जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के दर्जनों छात्रों को सर्दियों के कपड़े भी वितरित किए गए।


कार्यक्रम के दौरान छात्रों में गर्म कपड़े वितरित करते थाना प्रभारी बलजीत सिंह व अन्य।


जींद। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### डीएवी पब्लिक स्कूल में शिक्षक सेमिनार आयोजित

**जींद।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय प्रचारक जगराम ने कहा कि शिक्षा मात्र साक्षरता नही है, शिक्षा वह है जो आज्ञा से ज्ञान की ओर ले जाए, जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए, जो पशुता से मानवता की ओर ले जाए। शिक्षा वह है जो परिवार तथा पारिवारिक रिश्ते निभाने की शिक्षा दें। इसके साथ-साथ देश और धर्म की गुत्थियों को सुलझाने में सहायक हो, वह शिक्षा होती है। यह वेदों में स्पष्ट रूप से लिखा हुआ है। राष्ट्रीय प्रचारक जगराम सोमवार को डीएवी पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित शिक्षक सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। इस सेमिनार में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल और डीएवी पब्लिक स्कूल जींद के 200 अध्यापकों ने भाग लिया। उन्होंने छात्र अध्यापक संबंध में प्रकट की गई अनेक संख्याओं का निवारण भी किया। बच्चों से वार्तालाप करते हुए उन्होंने बच्चों के दैनिक जीवन में आने वाली समस्याओं तथा परिवार और स्कूल में सामंजस्य स्थापित करने की ओर जोर दिया।

## अवैध अकादमियों पर लगाम लगाए प्रशासन

- शिक्षा विभाग अधिकारियों के समक्ष रखेंगे निजी स्कूलों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद प्राइवेट स्कूल संघ की बैठक जिला प्रधान पुरषोत्तम शर्मा की अध्यक्षता में विद्या विहार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजपुरा भैण में संपन्न हुई। जिसमें प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष राम अवतार शर्मा ने का सानिध्य रहा। बैठक में पूरे हरियाणा में अवैध रूप से चल रहे किड्स प्ले और अकादमियों के खिलाफ चल रही मुहिम को और बल देने, एजुकेशनल सोसायटी पर लगे फाइन को माफ करवाने तथा पोर्टल को नए सिरे से खुलवाने, स्कूल बसों पर लगे पैसेंजर टैक्स को माफ करवाने, 134ए का बकाया भुगतान सहित कई मुद्दों पर परिचर्चा की गई। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए अगले सप्ताह चंडीगढ़ में संबंधित अधिकारियों और मंत्रियों से मिल कर इन समस्याओं के समाधान का प्रयास किया जाएगा। बैठक में स्कूल के प्रबंधक दलशेर लोहान ने रामावतार शर्मा, अमित डागर को शाल भेंट करके स्वागत किया गया। राजेश, सुनील खोखर, राजेश शास्त्री, सतीश मलिक ने भी विचार व्यक्त किए।


जींद। बैठक में भाग लेते निजी स्कूल संचालक। फोटो :हरिभूमि


जींद। कुरुक्षेत्र का भ्रमण करते छात्र व अध्यापिकाएं। फोटो :हरिभूमि

### महर्षि विद्या मंदिर स्कूल के छात्रों ने किया कुरुक्षेत्र का भ्रमण

**जींद।** महर्षि विद्या मन्दिर स्कूल के छात्रों व शिक्षकों ने कुरुक्षेत्र में चल रहे अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के तहत ब्रह्मसरोवर का भ्रमण किया। जिसके दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रकार की प्रदर्शनियां व शिल्पकारी, लघु उद्योग भी देखे। कृष्ण जी के विभिन्न अवतारों व झलकियां देखकर सभी भावविभोर हुए। इसके बाद बच्चों ने जयराम विद्यापीठ संग्राहलय, पैनोरियम म्यूजियम, गुरुद्वारा, धरोहर और 'योतिसर आदि विभिन्न स्थानों पर घूमे। वहां पर हरियाणवी संस्कृति और पुरानी वस्तुओं को देख कर अपनी धरोहर से परिचित हुए। स्कूल अध्यापिका रेखा ने छात्रों को यात्रा के दौरान बताया कि कुरुक्षेत्र एक ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी है, जिसे वेदों और वैदिक संस्कृति के साथ जुड़े होने के कारण सभी देशों में श्रद्धा के साथ देखा जाता है। यह वह भूमि है जिस पर महाभारत की लड़ाई लड़ी गई थी और भगवान कृष्ण ने अर्जुन को 'योतिसर में गीता का ज्ञान दिया था।

गांव करेला व झमोला में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

# अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना सरकार का लक्ष्य

- प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू : डा. पुष्पा तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को जुलाना हलके के गांव करेला व झमोला में पहुंची। इस कार्यक्रम में संयोजक के रूप में बीडीपीओ प्रतीक जांगड़ा मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष व यात्रा की सहसंयोजक डा. पुष्पा तायल मौजूद रही।

कार्यक्रम में कई ग्रामीणों द्वारा जिनको सरकारी योजनाओं का लाभ मिला है उनके द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत बोल कर ग्रामीणों ने बताया कि उनको सरकार के द्वारा फायदा पहुंचा है। इस मौके पर पोषण योजना के तहत महिला एवम बाल विकास विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना। स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व स्वागत गीत की प्रस्तुति दी गई। डा. पुष्पा तायल ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य है लाइन में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधा पहुंचे।



जींद। कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि डा. पुष्पा तायल व अन्य। फोटो :हरिभूमि

**ये रहे कार्यक्रम में मौजूद**

उनको सरकारी कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़े। स्वास्थ्य, शिक्षा, रोटी जैसी मूलभूत सुविधाएं देश के प्रत्येक नागरिक को मिलेगी, देश के प्रत्येक नागरिक का मोदी के ऊपर कर्ज है और इस कर्ज को उतारने में प्रधानमंत्री कोई कसर नही छोड़ेंगे। देश के प्रधानमंत्री की कल्याणकारी नीतियों के कारण 2024 में देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के संयोजक सत्यवान खटकड़ ने कहा कि मेहनती और कामगार लोगों के लिए सरकार ने अनेकों योजनाएं चलाई हैं। योजना के तहत सीएससी केंद्रों पर पंजीकरण करवाने के बाद कामगार लोगों को लाभांवित करने के लिए लोन दिया जाएगा। जिससे कामगार लोग अपने परिवार की आमदनी को बढ़ा सकेंगे। कार्यक्रम में भाजपा नेता रामफल शर्मा, भाजपा नेता सत्यवान खटकड़, नरेंद्र सिंह समाज कल्याण अधिकारी, संतोष यादव सीडीपीओ, महिपाल कौशिक, राजेन्द्र सिंह मौजूद रहे।


जींद। बैठक में भाग लेते पेंशनर्स। फोटो :हरिभूमि

### पेंशनर्स की मांगों को पूरा करे सरकार

**जींद।** ब्राह्मण धर्मशाला में हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज ने पेंशन दिवस मनाया। जिसमें 80 साल से ऊपर के पैंशनरों को फूलमालाएं और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। जिला सचिव अर्जुन सैनी ने कहा कि लंबा समय बीत जाने के बाद भी पैंशनरों की मांगों और समस्याओं का समाधान नही किया जा रहा है। जिससे पैंशनरों में रोष है। उन्होंने मांग की कि पैंशनरों को 65, 70 व 75 वर्ष के बाद पैंशन में 5, 10 व 15 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जाए। मेडिकल भत्ता एक हजार रुपये से बढ़ा कर तीन हजार रुपये किया जाए। कैशलैस की सुविधा तुरंत प्रभाव से लागू की जाए। एक वर्ष का डीए को बकाया का भुगतान तुरंत किया जाए। मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को एलटीसी प्रदान की जाए। अर्जुन सैनी, सत्यवान मुद्गिल, भलेराम बूरा, प्रेम सिंह बांगड़ , ईश्वर सिंह आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### गीता महोत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**पूंडरी।** पूंडरी के पुण्डरीक तीर्थ पर हरियाणा सरकार के गीता महोत्सव कार्यक्रम के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर.एस.एस. प्रधान पूंडरी रमेश कुमार ने कहा की प्राचीन संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए व गीता से परिचित करवाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर गीता महोत्सव मनाने का जो निर्णय लिया है, उसकी चारों तरफ प्रशंसा की जा रही है।

### गांव थेह बुटाना में पशुबाड़े से भैंस चोरी

**कैथल।** गांव थेह बुटाना में चोर एक पशुपालक के पशुबाड़े से भैंस चोरी कर ले गए। गांव के गुरजंट सिंह ने गुहला थाना में शिकायत दी कि 14 दिसंबर को गांव स्थित उसके पशुबाड़े से उसकी भैंस चोरी हो गई। उसने अपने स्तर पर तलाश की तो पता चला कि भैंस को गांव के गुरविंदर सिंह व प्रवीण उर्फ जॉनी ने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी किया है। भैंस की कीमत 80 हजार रुपये है।

### 23 तक चलेगा टीकाकरण सप्ताह : डॉ. रेणू चावला

**कैथल** । सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने बताया कि 23 दिसंबर तक विशेष टीकाकरण सप्ताह चलाया जा रहा है, जिसमें जन्म से लेकर 5 वर्ष तक बच्चों व गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा। इस अभियान के दौरान अति संवेदनशील एरिया जैसे कि ईट भटठे, अर्बन स्लम, झुग्गी इत्यादि में विशेष टीकाकरण शिविरों का आयोजन किया जाएगा तथा जिला नागरिक अस्पताल कैथल में भी प्रतिदिन टीकाकरण शिविर आयोजित होंगे।

### दुकानों से सिलेंडर, बर्तन व बाथरूमों में से टोंटियां चोरी

**कैथल।** अतिरिक्त अनाज मंडी चीका से चोर आढ़तियों की दुकानों से सिलेंडर, बर्तन और दुकानों के बाथरूमों में लगी टोंटियां चोरी कर ले गए। अनाज मंडी चीका आढ़ती एसो. के प्रधान ने चीका थाना में शिकायत दी कि 14 दिसंबर को रात के समय अज्ञात आरोपी अनाज मंडी स्थित दुकानों से सिलिंडर, बर्तन और दुकानों के बाथरूमों में लगी टोंटियां चोरी करके ले गए।



### 20 को गुहला हलका में पहुंचेगी यात्रा

**गुहला-चीका।** आम आदमी पार्टी की बदलाव यात्रा 20 दिसंबर को गुहला के गांव भागल में पहुंचेगी। यात्रा की तैयारियों को लेकर सोमवार को पार्टी के कर्मचारी विंग उपाध्यक्ष निरंजन गुज्जर व जिला उपाध्यक्ष एससी विंग अमरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि मीटिंग में यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों व कार्यकताअरं की जिम्मेदारियां लगाई।

## मोदी मनोहर सरकार ने देश प्रदेश को खुशहाली के रास्ते पर आगे बढ़ाया

# भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार का उत्थान करना : गौरव

यात्रा से आमजन के जीवन में सकारात्मक बलदाव लाकर युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हिंदी सलाहकार समिति केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार (दूर संचार विभाग, संचार मंत्रालय) के सदस्य एवं भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला ने कहा कि केंद्र में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा में मुख्यंत्री मनोहर लाल सरकार किसी भी भेदभाव के बिना सबका साथ-सबका विकास और सबके विश्वास वाले सिद्धांत पर कार्य करते हुए देश को खुशहाली के रास्ते पर ले जाकर विश्व स्तर पर भारत का गौरव बढ़ाने का कार्य कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवार का आर्थिक उत्थान करना है। यहां अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए गौरव पाडला ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से आमजन के जीवन में सकारात्मक बलदाव लाकर युवा पीढ़ी के उज्जवल भविष्य को सुनिश्चित किया जा रहा है। भारत व हरियाणा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर शुरू की गई इस पहल ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अब एक अभिनव मोड़ ले लिया है। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां यात्रा के दौरान लोगों को देश के विकास के साथ जोडकर आगे बढ़ने का संदेश दिया जा रहा है तो वही दूसरी ओर कृषि से संबंधित गतिविधियों में ड्रोन के इस्तेमाल से देश के अन्नदाता को नई तकनीक के इस्तेमाल के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।



गौरव मित्तल पाडला, भाजपा नेता

### अंतिम व्यक्ति को मिल रहा लाभ

भाजपा नेता गौरव पाडला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वे अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। गौरव पाडला ने कहा कि कैथल हलके में विकास पुरुष विधायक लीला राम के कुशल नेतृत्व में करोड़ों रुपये के विकास कार्य किए जा रहे हैं।



**कैथल।** नायब तहसीलदार जोगिंद्र जन संवाद कार्यक्रम में महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरित करते हुए तथा विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची कमालपुर तथा कलासर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव कमालपुर तथा कलासर पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। इस यात्रा में नायब तहसीलदार जोगिंद्र ने सबसे पहले विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर ही लोगों को विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाई। नायब तहसीलदार जोगिंद्र ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की स्कीमों के बारे में वैन के माध्यम से ग्रामीणों को जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों से लोगों को सरकारी स्कीमों का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामीण आंचल में लोगों को आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अंत्योदया योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, हर घर जल, जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पैंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करना आदि योजनाओं का लाभ मौके पर ही लाभार्थियों को दिया जा रहा है। इसके साथ-साथ लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए संबंधित विभागों के माध्यम से शिविर के साथ-साथ हैल्थ चैकअप भी आयोजित किए जा रहे हैं। इस मौके पर रूमा देवी, शीश पाल, जोरा राम, आशीष, मनी राम, जय भगवान, जयपाल, विनोद कौशिक, राजेश, ओमप्रकाश, सतपाल, बाल किशन, राधे श्याम, रघबीर सिंह, जिप्पा, देवी प्रशन्न, राममेहर, जसवंत, जगदीश, रत्न लाल, हरविंद्र, ईश्वर, प्रियंका, पूनम, सीमा, जोग राज, बलबीर, रोशन लाल, सतबीर, विजय, मनजीत, राममेहर, भागा राम, कपूरचंद आदि मौजूद रहे।

## फतेहपुर में राष्ट्रीय स्तरीय कवि सम्मेलन आयोजित

- शान्ति के दीप जमाने में जला दो, रावण न कोई आए ईधर रेखा बना दो : जनाब गुलजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** शायरों, कवियों व कवयित्रियों को स्मृति चिह्न भेंट करते प्रेम धीमान फतेहपुर।

विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण फतेहपुर के सामाजिक कार्यकर्त्ता व साहित्य प्रेमी प्रेम धीमान फतेहपुर द्वारा एक शानदार कवि सम्मेलन का आयोजन करवाया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश, पंजाब, दिल्ली व हरियाणा के कवि कवयित्रियों व शायरों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम शिक्षा, देशभक्ति, बेटियों व सामाजिक समरसता पर आधारित रहा। दीप प्रज्वलित व मां सरस्वती की वंदना से कवि-सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ किया गया। देश के जाने-माने शायर व मंच संचालक जनाब गुलज़ार जिगर देवबंदी ने कहा कि तुम शान्ति के दीप जमाने में जला दो, रावण न कोई आए ईधर रेखा बना दो, सच्चे हैं गर विचार तो खाली न जाएगा, अर्जुन की तरह तुम भी कोई तीर चला दो।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संत स्वरूप प्रेम पाल सागर कुजंपुरा ने कहा कि खून से नहीं पानी से धोया जाता है, दाग-ए -दुश्मनी मुहब्बत रूहानी से धोया जाता है। पानीपत के मशहूर शायर जनाब इक़बाल पानीपती ने कहा कि हिन्दू लिख न मुस्लिम लिख, नाही सिख ईसाई लिख,हम सब भाई भाई हैं, हम को भाई -भाई लिख। रोहतक के वरिष्ठ साहित्यकार डा. सत्यवीर सिंह निराला ने कहा युग सुंदर हो सदियाँ सुंदर गर सुंदर इंसान बने,हर पल सुंदर हो जाएगा गर सुंदर इंसान बने। करनाल से रचनाकार रामेश्वर देव ने कहा कि वीरों को नमन कीजिए और देश को सलाम, रोशन हैं शहीदों की शहादत से इसका नाम, झज्जर से आए कवि जय सिंह जीत ने कहा कि एक नग़मा किसी के लिए गुनगुनाना बड़ी बात है,आजकल आदमी के लिए मुस्कराना बड़ी बात है। गांव काकोत के साहित्यकार राजेश भारती ने कहा कि मरने की परमीशन दे, या भूखों को भोजन दे। जगजीत सिंह निराला ने कहा कि आज भाई स भाई का रिश्ता किस कदर टूटता जा रहा है, मिलके आपस में उठना बैठना किस कदर छूटता जा रहा है। दिल्ली से पधारी कवयित्री व लेखिका सीमा रंगा इन्द्रा ने कहा रात-रात भर जाग-जाग के करते हैं रखवाली,भूल गए हैं भूख प्यास को, भूल गए घरवाली। कार्यक्रम के आयोजक प्रेम धीमान ने सभी आमंत्रित शायरों, कवियों, कवयित्रियों को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

## मोबाइल का सकारात्मक उपयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत



**कैथल।** महाविद्यालय में महिला महाविद्यालय में छात्राओं को संबोधित करते अधिकारी

महाविद्यालय में महिला अध्ययन अनुभाग, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्देशित यौन उत्पीड़न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि छात्राओं को जागरूक किया उन्होंने छात्राओं को अपने आप के प्रति जागरूक व सजग रहने की सलाह दी। प्राचार्य ने कहा जीवन में आपको जागरूक रहने की आवश्यकता है। कभी भी डरे या दबे नहीं मुसीबत का डटकर सामना करें। विषम परिस्थितियों में टोल फ्री नंबर याद रखें। नए मोबाइल तकनीक का सकारात्मक उपयोग करें। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर डॉक्टर सुनील गर्ग रहे, उन्होंने छात्राओं को नारी शक्ति के बारे में बताते हुए कहा कि जरूरत पड़ने पर मां दुर्गा की तरह शक्तिशाली भी बनना चाहिए । उन्होंने कहा कि घर से महाविद्यालय आते-जाते समय सजग व सावधान रहे। कोई भी विपरीत समय या समस्या आने पर डरे नहीं। जागरूकता व साहस के साथ उसका सामना करें। सरकार के द्वारा यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए किए गए प्रावधानों का सही इस्तेमाल करें, जैसे दुर्गा शक्ति डायल 112 आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम की आयोजक व यौन उत्पीड़न कमेटी की इंचार्ज शीला ने सभी का धन्यवाद किया।



**कैथल।** सरदार मेजर सिंह को सम्मानित करते हुए भारत विकास परिषद के सदस्य।

### विप चीका ने मनाया गुरू तेग बहादुर का बलिदान दिवस

**गुहला-चीका।** भारत विकास परिषद शाखा चीका द्वारा हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर का बलिदान दिवस अग्रवाल धर्मशाला में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन व वंदे मातरम से की गई। परिषद के सदस्यों ने गुरु जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि भेंट की। शाखा के संगठन सचिव हरनीस सिंगला ने आए हुए मेहमानों का स्वागत किया व उनका परिचय करवाया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पहुंचे गुरुद्वारा छैवीं एवं नौवी पातशाही चीका के पूर्व प्रधान मेजर सिंह ने गुरु तेग बहादुर के बलिदान व शहादत के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर द्वारा दिया गया बलिदान विश्व का सर्वोच्च बलिदान है। मुख्यवक्ता लफ्टैन सिंह शेरगिल ने गुरु जी की दिल्ली यात्रा के दौरान उनके चीका में ठहराव के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में शाखा के अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार गुप्ता ने आए हुए मेहमानों व भारत विकास परिषद के सदस्यों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस मौके पर सचिव गौरव गोयल, प्रेम सिंह पूनिया, डॉ. अशोक भाठला,मांगे राम जिंदल, डॉ. मनोज गांधी, डॉ. विशाल शर्मा, संजीव मित्तल, राकेश गोयल, विक्रम मित्तल, नानक भारद्वाज, विजय मंगला, नंबरदार बलवीर धीमान, बलकार सिंह पूर्व पार्षद, बाज सिंह, सोनिया शेरगिल भी उपस्थित रहे।



### रजत पदक जीतने वाली खो-खो खिलाड़ी पारुल को अनीता चौधरी ने किया सम्मानित

**पूंडरी।** महाराष्ट्र के नासिक में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता में हरियाणा की खो-खो टीम ने रजत पदक प्राप्त किया। हरियाणा की टीम में कैथल जिले के गांव डुलयानी की बेटी पारुल ने अद्भुत योगदान देकर अपने गांव, जिले व राज्य का नाम रोशन किया है। भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं महिला जिलाध्यक्ष अनीता चौधरी डुलयानी ने पारुल बेटी को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी। पारुल बेटी को अनिता चौधरी ने शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया और बेटी के उज्ज्वल भविष्य के लिये आशीर्वाद दिया। इस मौके पर उनके साथ समाजसेवी वी.एस. चौधरी भी मौजूद रहे। अनिता चौधरी ने कहा कि आज बेटियां किसी भी क्षेत्र में कम नहीं हैं। बेटियां खेलों व पढ़ाई में प्रतिभा के दम पर देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी झंडे गाढ़ रही हैं और देश-प्रदेश का नाम रोशन कर रही हैं।



**कैथल।** बच्चों को जर्सियां वितरित करते प्राध्यापक सुंदर सिंह

### प्राध्यापक सुंदर सिंह ने स्कूली बच्चों को बांटी जर्सियां

**कैथल ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुंदड़ी में गरीब जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां बांटी गई। यह जर्सी गणित प्राध्यापक सुंदर सिंह ने अपनी निजी नेक कमाई से दी है। जानकारी देते हुए पीटीआई रामेश्वर धारीवाल ने बताया कि सर्दी के मौसम शुरू हो चुका है तथा कुछ विद्यार्थी बिना जर्सी के दिखाई दिए। ऐसे में बच्चों की सेवा को लेकर प्राध्यापक सुंदर सिंह ने बच्चों के लिए स्कूल की जर्सियां मंगवाई तथा उन्हें पहनाई। इसके लिए सभी स्टाफ सदस्यों व विद्यार्थियों ने प्राध्यापक का आभार जताया। इस अवसर पर प्राध्यापक राजवीर सिंह, खुशीराम, पुष्पा, पीटीआई रामेश्वर धारीवाल, ओम प्रकाश, गीता आदि उपस्थित थे।

## नि:शुल्क बस यात्रा श्री खाटू श्याम व सालासर हुई रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- सुदीप सुरजेवाला ने दिखाई हरी झंडी

श्री खाटू श्याम सालासर सेवार्थ चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वर्गीय शमशेर सिंह सुरजेवाला की स्मृति में 32वीं नि:शुल्क बस यात्रा सुबह पेहवा चौक से श्री खाटू श्याम धाम व श्री सालासर धाम के दर्शनों हेतु मुख्यातिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुदीप सुरजेवाला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के मुख्य सेवादार जितेंद्र सीकरी(बब्बू) ने बताया कि यह धार्मिक यात्रा दो दिवसीय यात्रा है। इस यात्रा के अंतर्गत भक्तजन श्री खाटू श्याम धाम व श्री सालासर धाम के दर्शन करके वापस कैथल लौटेंगे। उन्होंने बताया कि धार्मिक यात्रा के दौरान ट्रस्ट की ओर से सभी भक्तजनों को आने-जाने खाने-पीने व रहने की व्यवस्था बिल्कुल नि:शुल्क उपलब्ध करवाई जाती है। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्य प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे धार्मिक व सामाजिक कार्यों का समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को भरपूर लाभ मिल रहा है। इस प्रकार के कार्य आज के समय की जरूरत भी है। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक यात्रा में लगभग 66 भक्त जनों ने शामिल होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करके समाज सेवा की जा रही है।




**कैथल।** नि :शुल्क बस यात्रा का शुभारंभ करते वरिष्ठ नेता सुदीप सुरजेवाला

**सूचना**

मैं, आदित्य पुत्र रमेश कुमार निवासी बालाजी कालोनी गली नंबर 03, कैथल बयान करता हूं कि मैं अपना नाम बदलकर आदित्य मोर रखता हूं।

## सीएम के ओएसडी वीरेंद्र बढखालसा ने किया बच्चों को सम्मानित

# बाल विकास ग्लोबल स्कूल ने बनाया वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

बाल विकास ग्लोबल स्कूल में देर सांय वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे । कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक कमेटी के चेयरमैन रणधीर सिंह चाहल ने की।वार्षिक उत्सव के कार्यक्रम को झंकार नाम दिया गया था और मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की विशिष्ट तिथि के तौर पर डीएसपी उमेद सिंह ,श्याम बंसल ,सुरेश गर्ग नौच, प्रीतम सिंह, श्रवण शर्मा ने शिरकत की ।कार्यक्रम में नन्ही मुन्नी छात्राओं के द्वारा गणेश वंदना से शुरूआत की गई । विद्यालय समिति के प्रबंध निदेशक अजीत चहल ने सभी आए हुए मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि अभिभावकों एवं गामान्य लोगों का स्वागत किया। इसके उपरांत विद्यालय की प्रधानाचार्य राजश्री चौधरी ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी । विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया गया उसके बाद विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गई।




**कैथल।** सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बाल विकास ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थी।

### ये रहे मौजूद

वीरेंद्र बड़खालसा ने बच्चों को संस्कार के बारे में अवगत करवाया और उन्होंने बताया कि जिसके संस्कार अच्छे वही बच्चे आगे बढ़ने का कार्य करते हैं। संस्कार देने का सबसे महत्वपूर्ण कार्य बच्चों के माता-पिता एवं अध्यापक ही करते हैं उन्होंने कहा आज के बच्चे कल का भविष्य है आपने आगे बढ़कर अच्छी शिक्षा ग्रहण करके देश को आगे बढ़ने का कार्य करना है इसलिए एक अच्छे पद पर रहकर एकाग्रता से पढ़ने में मन लगाएं। इस अवसर पर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य ऋषिपाल बेदी, पूर्व प्रोफेसर सीबी सैनी, कलायत ब्लॉक सरपंच संगठन के प्रधान एडवोकेट साहिल बालू सरपंच अशोक रामगढ़ पूर्व जिला खेल अधिकारी एवं सरपंच प्रतिनिधि जसवंत सारण पूर्व सरपंच पवन कुंडू सुरेंद्र सरपंच ढुंडवा, रमेश चहल, सुमन राणा, शैलेंद्र राणा, ऋषिपाल सहारन, पवन गर्ग, संजय सिंगला, धर्मपाल धीमान, अंकित जैलदार, राजीव राजपूत आदि उपस्थित थे।

## आढतियों ने सरकार से की उनकी मजदूरी व आढ़त देने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाई

पाई अनाज मंडी के आढतियों ने सरकार से उनकी मजदूरी व आढ़त देने की मांग की है। आढ़ती रणधीर सिंह फौजी, रामकुमार, सत्यनारायण आदि ने बताया कि धान की सरकारी खरीद बंद किये हुए लगभग डेढ़ महीने से ज्यादा का समय बीत गया, परन्तु सरकार के द्वारा अभी तक आढ़तियों को किसानों की धान पर लगने वाली आढ़त तथा मजदूरों की मजदूरी नही दी गई। उन्होंने बताया कि वैसे तो सरकार को बिल के साथ ही यह आढ़त व मजदूरी देनी होती है, परन्तु सरकार इसको बाद में देती है, जो सरासर गलत है। जब सरकार बिल अनुसार किसानों को उनकी फसल के दाम दिए जा सकते है तो आढ़तियों का आढ़त तथा मजदूरों को उनकी मजदूरी क्यों नही दी जा सकती? उन्होंने बताया कि मजदूर गरीब परिवार के होते हैं और उनको हर रोज जीवन यापन के लिये पैसे की जरुरत होती है, परन्तु सरकार बिल के अनुसार मजदूरों को मजदूरी नही देती और मजदूरों को उनके जीवन यापन के चलते यह मजदूरी आढ़तियों को अपने पास से देनी पड़ती है और सरकार बाद में आढ़तियों को यह मजदूरी दी जाती है। अब धान की सरकारी खरीद बंद हुए एक डेढ महीने से ज्यादा समय हो गया है, परन्तु सरकार इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही। उनकी मांग है कि आढ़त व मजदूरी तत्काल आढ़तियों को दी जाए।

**न्यायालय तहसीलदार-कम-सब- रजिस्ट्रार जीन्द**

**अनिल पुत्र श्री मुलख राज निवासी पटेल नगर पटियाला चौक जींद तहसील व जिला जींद ।**

**बनाम**

**जनरल पब्लिक**

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है। स्व. मुलखराज पुत्र श्री चानन दास बरूए वत्सीका बयनामा नम्बर 650 दिनांक 11-07-1969 दफतर सब रजिस्ट्रार साहिब जींद 1/8 भाग के मालिक व काबिज थे जिनका स्वर्गवास दिनांक 01-04-2005 को होने के उपरांत उनके कानूनी वारिसान 1-श्रीमती वीना रानी पत्नी 2 नीरज कामरा पुत्री, 3-निशा पुत्री, 4-अनिल कुमार कामरा पुत्र, 5 नवीन कुमार पुत्र, है इनके इलावा मृत्तक का अन्य कोई कानूनी वारिस/उतराधिकारी नहीं है। (वारिसान प्रमाण पत्र साथ सलंग्न है) जिसके तहत उक्त रकबा को विक्रय/ स्थानान्तरण / वसीयत/ रिलिज डीड/ट्रान्सफर डीड पत्र पंजिकृत करवाने के लिये प्रस्तुत किया है। जिसके अन्दर स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मुलखराज का स्वर्गवास हो चूका है तथा उपरोक्त के इलावा उनका अन्य कोई कानूनी वारिस नहीं है। इसलिये आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है। उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस/ उत्तराधिकारी के बाबत किसी को कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से इस इश्तहार / नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर इस कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ती पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर वसीका पंजीकृत कर दिया जाएगा।

यह नोटिस आज दिनांक 14-12-2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

**हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार, पानीपत।**

## खबर संक्षेप

### अस्पताल स्टाफ नए भवन में शिफ्ट करने की मांग

**अलेवा।** शाहपुर के ग्रामीणों ने गांव के पशु अस्पताल के स्टाफ को नये भवन में नियुक्त करने की मांग को लेकर गांव में दूसरे दिन धरना दिया। धरने को संबोधित करते हुए सुरजभान ने कहा कि गांव में जो राजकीय पशु अस्पताल है, उसमें पशुओं को ले जाने के लिए ग्रामीणों को नैशनल हाइवे करनाल रोड़ पार करना पड़ता है।

### वंचितों तक योजनाओं को पहुंचा रही संकल्प यात्रा

**उचाना।** सांसद बृजेंद्र सिंह के प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला महामंत्री हरेंद्र सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। सरकार जनता के घर-द्वार पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित कर रही है।

### डिप्टी सीएम से की मांग 48 घंटे में हुई पूरी

**उचाना।** दोपहर को उचाना से नगूरां तक बस सेवा शुरू करने की डिप्टी सीएम के समक्ष की गई पांच गांवों की मांग 48 घंटे में पूरी हुई। शनिवार को लिखित में डिप्टी सीएम के समक्ष उचाना से नगूरां तक बस सेवा शुरू करने की मांग की गई थी। रोजखेड़ा से नगूरां तक दोपहर को बस सेवा नहीं होने से स्कूल, कॉलेज से गांव जाने वाले विद्यार्थियों को परेशानी होती है।

### एथलेटिक्स प्रतियोगिता 24 को राजौंद में

**राजौंद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद के खेल प्रांगण में जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 24 दिंसबर को किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का इंटर डिस्ट्रिक्ट नेशनल प्रतियोगिता के लिए चयन किया जाएगा। एथलेटिक्स एसोसिएशन के जिला महासचिव सोहन पाल राणा ने यह जानकारी दी।

### पूर्व विधायक ने दिलाई विकसित राष्ट्र की शपथ

**गुहला-चीका।** विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम के तहत गांव अरनौली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा मौके पर ही लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ दिया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कुलवंत बाजीगर ने शिरकत कर सभी को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

### जनहितैषी नीतियों से पूरे विश्व में भारत की साख

**ढांड।** जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी नीतियों की बदौलत पूरे विश्व में भारत की साख मजबूत हुई है, देश और प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का काम हुआ है। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ घर द्वार पर दिया जा रहा है। जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर गांव जडौला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने विकसित भारत संकल्प शपथ भी दिलाई।

### चिकित्सक विशेषज्ञों की कमी दूर करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

# सरकारी चिकित्सक आज काले बिल्ले लगाकर करेंगे काम

## 27 को बंद करेंगे ओपीडी, 29 को ओपीडी व इमरजेंसी में सेवाएं बंद रखेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन ने अपनी मांगों को लेकर जींद विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा, उचाना विधायक एवं डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, नरवाना विधायक रामनिवास सूरजाखेड़ा, जुलाना विधायक अमरजीत, सफीदों विधायक सुभाष गंगोली को स्वास्थ्य विभाग के सरकारी चिकित्कों की लंबे समय से लंबित मांगों को पूरा करने के लिए ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रधान डा. विजेंद्र ढांडा, डा. संदीप लोहान, डा. दीपक, डा. संदीप ढांडा व अन्य यूनियन सदस्यों ने कहा कि मांगों के पूरा न होने के रोष स्वरूप मंगलवार को सभी डॉक्टर अपनी ड्यूटी दौरान काली पट्टी बांध कर काम करेंगे। बुधवार को उपायुक्त के माध्यम से सरकार को ज्ञापन भेजा जाएगा। इसके बाद 27 दिसंबर को ओपीडी में सेवाओं को बंद करेंगे व 29 दिसंबर को ओपीडी व इमरजेंसी में अपनी सेवाओं को बंद करेंगे। डा. विजेंद्र ढांडा ने बताया कि एसोसिएशन सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए समर्पित है और लगातार बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की वकालत करती है। उनकी मांग हे कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 के अनुरूप विभिन्न जिलों में विशेषज्ञों की कमी को दूर करने के लिए एक विशेषज्ञ कैडर के तत्काल कार्यान्वयन किया जाए। एसोसिएशन आईएचआईपी मानदंडों के अनुसार प्रवेश वेतन प्रगति और पदों के सृजन के साथ एसीपी के साथ सेवारत विशेषज्ञ डॉक्टरों की वरिष्ठता को 2, 6 और 13 साल तक बनाए रखने का प्रस्ताव करता है।



जींद। मांगों को लेकर जींद विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा को ज्ञापन सौंपते हुए प्रधान बिजेंद्र ढांडा व अन्य चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### चिकित्सा सेवाएं प्रभावित

विशेषज्ञों की कमी के कारण चिकित्सा सेवाएं प्रभावित होती हैं, जिससे जनता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए एक करोड़ की वर्तमान बांड राशि और उससे जुड़ी शर्तें डॉक्टरों पर वित्तीय बोझ पैदा करती हैं। मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से विकलांग डॉक्टरों के लिए पहुंच सुनिश्चित करने के लिए बिना किसी बंधक आवश्यकता के बांड राशि को घटा कर 50 लाख किया जाए। क्योंकि इस परिस्थिति का समाधान करने में विफलता के परिणामस्वरूप सरकारी सेवा से युवा डॉक्टरों का मनोबल गिर सकता है और संभावित सरकारी जॉब को छोड़ने का रुझान बढ़ सकता है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों की सीधी भर्ती बंद की जाए और होम्स कैडर के लिए सेवा नियमों में संशोधन किया जाए। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों (एसएमओ) के लिए सीधी भर्ती बंद होने के बावजूद सेवा नियमों में संशोधन नहीं किया गया है। इससे एसएमओ के पद रिक्त हो गए हैं और पदोन्नति में बाधा उत्पन्न हुई है। इसलिए सरकार सभी रिक्त एसएमओ पर शीघ्र भर्ती करे। स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टरों को आकर्षित करने के लिए केंद्र सरकार और बिहार, दिल्ली आदि राज्यों के साथ तालमेल बिठाते हुए एक गतिशील एसीपी संरचना लागू की जाए। यह संशोधित वेतन संरचना दीर्घकालिक प्रतिबद्धता और सेवा को प्रोत्साहित करेगी।

विशेषज्ञ कैडर की अनुपस्थिति, ड्यानमिक एसीपी संरचना की कमी, एसीपी कार्यान्वयन में अनियमितताएं, चिकित्सा अधिकारियों के लिए सीमित और गैर समयबद्ध पदोन्नति के रास्ते और अत्यधिक उच्च पीजी पॉलिसी बांड राशि प्राथमिक कारण हैं जिनके कारण कई एचसीएमएस डॉक्टर जल्दी बाहर निकलने का विकल्प चुनते हैं या वीआरएस ले लेते है। यह चिंताजनक प्रवृत्ति गंभीर चिंता का विषय है और इस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।



### उचाना की अतिरिक्त नई अनाज मंडी में हुआ कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन

**उचाना।** उचाना की अतिरिक्त नई अनाज मंडी में सोमवार को सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान पर दिए गए कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। एसडीएम गुलजार मलिक पहुंचे तो वहीं भौतिक सत्यापन के लिए गठित की गई कमेटी के सदस्यों ने 206 कृषि यंत्रों की भौतिक जांच की। कमेटी में कृषि एवं कल्याण विभाग से विषय विशेषज्ञ सुनील दलाल, जेई प्रदीप कुमार, आईटीआई से जितेंद्र और बागवानी से एचओडी नवीन राणा आदि शामिल हुए। भौतिक सत्यापन प्रक्त्रिया के दौरान नरेश और अंकित भी मौजूद रहे। एसडीएम गुलजार मलिक ने बताया कि सरकार द्वारा सीआरएम स्कीम के तहत किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र दिए गए हैं। इनमें सुपर सीडर, जीरो ड्रील, स्ट्रा चोपर, कटर मशीन, गांठ बनाने वाली बेलर मशीन, रैंक आदि मशीनें हैं। इनसे किसानों को काफी फायदा होगा। अनुदान योजना सरकार की एक बेहतर योजना है, जिससे जिले के काफी किसान लाभान्वित होंगे।

### पार्षद ने लगाए नपा अफसरों पर आरोप

**कैथल।** सरकार व प्रशासन के आदेशों को सरेआम ठेंगा दिखाते हुए नपा अधिकारी होर्डिंग व बैनरों से प्रतिमाह लाखों की कमाई कर रहे हैं। यह आरोप हम नहीं बल्कि शहर के नगर पार्षद ने लगाए हैं। वार्ड नंबर से पार्षद सुशीला शर्मा पत्रकारों को बताया कि नगर परिषद द्वारा बिना टेंडर लगाएं होर्डिंग/फ्लेक्स बोर्ड के बैनर लगाने पर 25000 एक महीना की लिए जा रहे हैं। अगर वही 5 दिन के लिए लगाना है तो 5000 लिये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नगर परिषद द्वारा अभी तक इस बारे में कोई टेंडर नहीं लगाया गया तो यह पैसे किसके खाते में जा रहे हैं, जो यह जांच का विषय है। सुशीला शर्मा ने कहा कि इससे लगता है कि भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। सुशीला शर्मा ने आरोप लगाया कि जितना भ्रष्टाचार इस भाजपा सरकार में हो रहा है। इतना आज तक कहीं भी किसी भी सरकार ने नहीं किया। भाजपा सरकार रोजाना आम जनता को लूटने का काम कर रही है। इसमें सभी मिले हुए हैं। सरकार हो प्रशासन हो या फ्लेक्स वाले हो क्योंकि इतनी बड़ी रकम किसके खाते में जाती है जो यह जांच का विषय है एक साइड होर्डिंग के 25000 लिये जाते हैं। अगर दूसरी साइड भी लगाया जाता है तो 25000 तथा उसके दोनों के 50000 पर महीने के बनते हैं। इसकी बाकायदा पर्ची भी काटी जाती है तो यह पैसे किसके खाते में जा रहे हैं जो नगर परिषद की कमाई काफी ज्यादा इनसे फ्लेक्स बोर्डिंग से होती है लेकिन वह कमाई पता नहीं । उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषद एक ठगी का बाजार बन चुका है।



पूंडरी। अव्वल रही टीम के साथ अतिथिगण।

### राज्य स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में कैथल की टीम ने लहराया जीत का परचम

**पूंडरी।** गांव हाबड़ी में 5वीं हरियाणा स्टेट मास्टर गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा स्टेट मास्टर हॉकी एसोसिएशन के प्रधान देवेंद्र साहनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। पैटर्न मेंबर चौ. मेवाराम और सैक्रेटरी सुशील कुमार विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए। टूर्नामेंट में प्रदेश भर से 8 टीमों ने हिस्सा लिया और फाइनल मैच हाबड़ी और अंबाला टीम के बीच में खेला गया, जिसमें हाबड़ी की टीम ने अंबाला को 3-1 से हराकर लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीता। प्रतियोगिता में हाबड़ी के समाजसेवी रणजीत सिंह, सतनाम सिंह, सरदार सूरत सिंह, शेर सिंह आर्य, देवेंद्र सिंह, तुराज आदि उपस्थित रहे और दोनों टीमों को सम्मानित किया। अतिथिगणें ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से परस्पर प्रेम व भाईचारा बढ़ता है। युवाओं को नशों व अन्य बुरी संगतों से हटकर खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

### सीवन गोशाला में 16वां स्थापना दिवस मनाया

**सीवन।** गौशाला सीवन के प्रांगण में 16वां स्थापना दिवस बड़ी धूम धाम व श्रद्धा से मनाया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि वरिष्ठ समाज सेवी अनन्त राम भगत, समाज सेवी सुरेश गुज्जर खरकड़ा, समाजसेवी दिलबाग सिंह पटवारी, समाज सेवी नीरज कंसल, समाज सेवी ईश्वर गोल्डन, समाज सेविका शैली मुंजाल व महंत टीना माई ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके व गौ माता की पूजा करके किया गया। मुख्यातिथियों ने कहा कि गाय हमारे लिए पूजनीय है। गाय माता में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास बताया गया है। हमें गाय की सेवा अपने सामर्थ के अनुसार अवश्य करनी चाहिए। कार्यक्रम में मंच संचालन मांगे राम शर्मा ने किया।

# विकास कार्यों के फंड का किया बंदरबांट : सिंगला

- नरवाना नगर परिषद कार्यालय परिसर में पार्षदों का धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नगर परिषद कार्यालय परिसर में नप पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला की अध्यक्षता में धरना सोमवार से फिर शुरू किया गया। सिंगला ने शहर के विकास कायोंर् के आए नगर परिषद फंड को लेकर भी कहा कि इसमें पूरी तरीके से बंदरबांट किया जा रहा है। इस धरने में शहर करीब दस वाडोंर् के पार्षद भी मौजूद रहे। इन सभी ने धरना प्रदर्शन के दौरान नगर परिषद प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इनका कहना था कि हमारा उद्देश्य सिर्फ एक ही है कि शहर में 'यादा से 'यादा विकास कार्य होने चाहिए। सोमवार को धरने पर पार्षदों के अलावा शहर के कई गणमान्य लोगों ने भी अपना पूर्ण रूप से सहयोग दिया और पार्षदों के समर्थन में उतरे। धरने की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधान कैलाश सिंगला ने बताया कि शहर के विकास कायोंर् में भेदभाव किया जा रहा है। इसी कारण पार्षदों के साथ धरना देने को मजबूर होना पड़ा। नगर परिषद की टेंडर प्रक्रिया में भी पार्षदों के साथ पूरे तरीके से भेदभाव हो रहा है। उन्होंने बताया कि शहर के लोगों की मुख्य समस्याएं प्रॉपर्टी आईडी व परिवार पहचान पत्र में अनियमितताएं विकास कार्य ठप्प, छोटे.छोटे कामों के लिए आम जन को रोजाना आ रही समस्याएं नरवाना शहर में रात्रि सफाई व्यवस्था की कोई व्यवस्था न होना प्रधानमंत्री आवास योजना की त्रुटियों से परेशान हर रोज लाइनों में लगे व जरूरतमंद परिवारों के सदस्यों की गंभीर समस्याएं हैं। जब तक नगर परिषद प्रशासन इन सभी समस्याओं से लोगों को निजात नहीं दिलवा देता तब तक यह धरना ऐसे ही जारी रहेगा। प्रशासन को भी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द प्रशासन समस्याओं के समाधान को लेकर नींद से नहीं जागा तो उन्हें सडक़ों पर उतरने को मजबूर होना पड़ सकता है।



नरवाना। नगर परिषद नरवाना में धरने पर बैठे हुए पार्षदगण। फोटो : हरिभूमि

### राज्यसभा सांसद दीपेंद्र 23 को चूहड़माजरा में

**कैथल।** गांव चुहडमाजरा गुरु ब्रह्मानंद आश्रम में अखिल भारतीय सैनिक किसान मजदूर मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार पिंडारसी ने बताया कि 23 दिसंबर को जगतगुरु स्वामी ब्रह्मानंद के जन्मदिवस पर जन्मस्थली गांव चुहड़माजरा में हवन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा होंगे। जो श्रद्धालुओं के साथ हवन यज्ञ में आहुति डालने के साथ गुरु जी से आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। राजकुमार पिंडारसी ने कहा कि मोर्चा समय-समय पर शहीदों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कर शहीदों के परिजनों को आर्थिक सहायता भी मुहैया करवाई गई है। शहीद सैनिक हमारे देश की अनमोल धरोहर है और शहीदों व उनके परिजनों का सम्मान करना हमारा फर्ज है।

# संसद मामले में नीलम के समर्थन में बैठक

- भाकियू उगराहां, किसान नेता एवं छात्र नेता पहुंचे बैठक में
- संयुक्त किसान मोर्चा भी 22 दिसंबर को करेगा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

संसद में कलर स्मॉग के साथ प्रदर्शन करने वाली गांव घासो खुर्द नीलम के पक्ष में घासो खुर्द गांव में भारतीय किसान यूनियन उगराहां के पदाधिकारी पहुंचे। यहां पर ग्रामीणों के साथ पंचायत करने के साथ-साथ गांव में सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए रोष प्रकट किया। नीलम के मकान वाली गली में ग्रामीणों के साथ सरकार के खिलाफ नारे लगाते हुए नीलम पर लगे यूएपीए हटाने की मांग भी की। संयुक्त किसान मोर्चा उचाना धरना कमेटी सदस्यों, शहीद रंधावा छात्र यूनियन पंजाब की तरफ कमेटी मेंबर, नरवाना से किसान नेता भी पहुंचे। शहीद रंधावा छात्र यूनियन होशियार सिंह ने कहा कि संसद में कलर स्मॉग मामले में शामिल नीलम बेरोजगारी की आवाज बनी है। आज देश में बेरोजगारी बढ़ रही है। बेरोजगारी की बढ़ रही समस्या के चलते धरने, प्रदर्शन किए जाते रहे लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने पर इस तरह का कदम नीलम ने उठाया। आज बढ़ रही बेरोजगारी से युवा डिप्रेशन में जा रहा है। नीलम की मां सरस्वती ने कहा कि मेरी दोनों गांव के ग्रामीणों से अपील है कि मेरी बेटी ने कोई गलत नहीं किया है। मेरे को कोई अफसोस नहीं है। मेरी बेटी जो आज पूरे देश में बेरोजगारी बढ़ रही है उसके लिए बेरोजगारी की आवाज बनी है। नीलम को मैंने अपनी कोख से जन्म दिया है लेकिन नीलम मेरी नहीं बल्कि पूरे देश की बेटी है। पूरे देश के लिए नीलम ने बेरोजगारी से तंग आकर ये कदम उठाया है। किसान नेता मा. बलबीर ने कहा मौजिज लोग एकत्रित हुए है। नीलम के साथ न केवल दोनों घासो गांव है बल्कि पूरा प्रदेश, देश है। बेरोजगारों की आवाज को बुलंद करते हुए हमारी बेटी (नीलम) ने कदम उठाया है। नीलम को जल्दी से रिहा करें। संयुक्त किसान मोर्चा की 22 दिसंबर को बैठक होगी।



उचाना। घासो खुर्द गांव में एकत्रित होकर नीलम के समर्थन में नारेबाजी करते हुए।



### प्रवीण बने पेंशन बहाली संघर्ष समिति के ब्लॉक प्रधान

**कैथल।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति ब्लॉक पुंडरी की एक महत्वपूर्ण बैठक बिजली बोर्ड पुंडरी में जिला प्रधान सुरेंद्र माजरा की अध्यक्षता में हुई। मंच संचालन कुलदीप और राममेहर जेई ने किया। बैठक में सभी विभागों संगठनों पदों के कर्मचारियों ने मिलकर पुरानी पेंशन की लड़ाई में नई कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें ब्लॉक प्रधान प्रवीण को बनाया गया । सचिव राजवीर, सिंह कैशियर संजय, ऑडिटर सुशील माजरा, संयोजक फूल सिंह सैनी, प्रेस सचिव नीरज, सह सचिव रोशन को बनाया गया सभी साथियों ने मिलकर 11 फरवरी जींद की रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया। राज्य कार्यकारिणी से महासचिव ऋृषि नैन और कैशियर ज्ञान गिल ने बैठक में शामिल हुए। सुरेंद्र माजरा ने बताया कि हमारी यूनियन कर्मचारियों की पुरानी पेंशन लागू करवाने के लिए लागू करवाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।2004 में केंद्र सरकार ने और 2006 में हरियाणा सरकार ने हरियाणा के 180000 कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बंद करके नेशनल पेंशन सिस्टम लागू किया था जो कि ना तो कर्मचारियों के हित में है और ना हरियाणा के लोगों और हरियाणा सरकार के हित में है। यह केवल और केवल पूंजीपत्तियों के लिए है।

# वोट डालने की प्रक्रिया समझाने के लिए गांवों में वैन के माध्यम से किया जाएगा जागरूक

**कैथल।** नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने कहा कि जिला में लोगों को ईवीएम के माध्यम से वोट डालने की प्रक्रिया के बारे में समझाया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक-एक मोबाईल वैन चलाई गई है। यह मोबाईल वैन प्रत्येक गांव तथा शहर के वार्डों में पहुंचेगी। नगराधीश गुरविंद्र सिंह सोमवार को लघु सचिवालय परिसर से मोबाईल जागरूकता वैन को झंडी दिखाने उपरांत बोल रहे थे। नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने कहा कि लोगों को वोट डालने की प्रक्रिया को समझाने के लिए कैथल लघु सचिवालय में, कलायत व गुहला विधानसभा क्षेत्र हेतू उपमंडलाधीश कार्यालय तथा पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के लिए पूंडरी तहसील में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र भी शुरू किए गए हैं। यह प्रदर्शन स्थल आम चुनाव की घोषणा तक जारी रहेंगे। इसके माध्यम से सभी लोगों को ईवीएम के माध्यम से वोट डालने की प्रक्रिया को समझाया जाएगा। इसमें कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवी पेट्स हैं, जिनकी पूर्ण जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी। वीवी पेटूस के माध्यम से नागरिक यह जान सकता है कि उन्हें वोट किस को दिया था।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### विद्यार्थी के लिए अर्जित ज्ञान ही असली आभूषण होता है : सुरेंद्र

# इंडस स्कूल के दो छात्र हुए पंडित उपाधि से अलंकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के दो विद्यार्थियों मनुदेव देशवाल तथा सोमदेव देशवाल ने आर्य समाज द्वारा आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में व्याकरण गंगा अष्टाध्यायी के सूत्र कंठस्थ सुनाने पर संत स्वामी नित्यानंद सरस्वती द्वारा दोनों विद्यार्थियों को पंडित की उपाधि से अलंकृत किया। इस अवसर पर इन विद्यार्थियों ने लयबद्ध व्याकरण गंगा अष्टाध्यायी के श्लोकों को सुना कर सभी श्रोतागणों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कांग्रेस पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलजा ने दोनों विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के दो विद्यार्थियों को पंडित की उपाधि मिलने पर विद्यालय में जश्न का माहौल रहा। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन सुरेंद्र मड़ोत्रा ने कहा कि इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के विद्यार्थी आज शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक, धार्मिक, खेलकूद तथा सांस्कृतिक क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। पंडित का शाब्दिक अर्थ विद्वान होता है। इस छोटी उम्र में ही विद्यालय से दो विद्यार्थियों का पंडित की उपाधी से अलंकृत होना न केवल इंडस पब्लिक स्कूल के लिए बड़ी उपलब्धि है बल्कि पूरे पिल्लूखेड़ा क्षेत्र के लिए भी गौरव का विषय है। स्कूल प्रिंसिपल रोहताश मलिक ने दोनों विद्यार्थियों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थी को अर्जित ज्ञान ही उसका असली आभूषण होता है।

कोई भी विद्यार्थी सकारात्मक विचारों, नियमित अध्ययन तथा सदाचार से ही महान बनता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि सफलता की पहली सीढ़ी निरंतर परिश्रम है, इसलिए हमें हमेशा अपनी मंजिल को प्राप्त करने के लिए ईमानदारी से मेहनत करने की आवश्यकता है।



जींद। पंडित की उपाधि से अलंकृत होते हुए छात्र।